# प्रेस नोट थाना कलान

## जनपद शाहजहाँपुर

### सराहनीय कार्य दिनांक 06.11.2025

**थाना कलान पुलिस एवं सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत पोक्सो एक्ट में वांछित चल रहे 25000/-रू0 के इनामी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम व चिन्हित किये गये अपराधियों, वाछित एंव वारंटी ,अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी एंव अपराध की रोकथाम के परिपेक्ष्य में प्रचलित अभियान के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण व श्रीमान क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के निर्देशन में थाना कलान पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई।

दिनांक 05.11.2024 को वादी श्री अमरुद्दीन पुत्र भीकम निवासी ग्राम नौगवां मुबारकपुर, थाना कलान, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री को दिनांक 04.11.2024 को अभियुक्त श्यामबाबू पुत्र गुलाबसागर निवासी ग्राम रूकनपुर, थाना कलान, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कलान पर मु0अ0सं0 425/2024 धारा 137(2) बीएनएस बनाम श्यामबाबू पुत्र गुलाबसागर निवासी ग्राम रूकनपुर, थाना कलान, जनपद शाहजहाँपुर पंजीकृत किया गया। तत्पश्चात् अपहृता की बरामदगी के उपरांत उसके बयान धारा 180 व 183 बीएनएस तथा चिकित्सीय परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे में धारा 65(1)/87 बीएनएस एवं 3/4(2)/5(L)/6 पॉक्सो अधिनियम की वृद्धि की गई। मुकदमे में वांछित अभियुक्त श्यामबाबू घटना के उपरांत से ही फरार चल रहा था, जिस पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा ₹25,000/- का पुरस्कार घोषित किया गया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर निरंतर प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में आज दिनांक 06.11.2025 को थाना कलान पुलिस एवं सर्विलांस सेल, शाहजहाँपुर की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर प्रातः लगभग 08:18 बजे ग्राम रूकनपुर के पास सड़क किनारे पुलिया के निकट से अभियुक्त श्यामबाबू पुत्र गुलाबसागर, उम्र लगभग 25 वर्ष, निवासी ग्राम रूकनपुर, थाना कलान, जनपद शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त श्यामबाबू उपरोक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उसे मा० न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

श्यामबाबू पुत्र गुलाब सागर उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम रुकनपुर थाना कलान जिला शाहजहांपुर।

**गिरफ्तारी का स्थान व दिनांक/समय-**

दिनांक 06.11.2025 को प्रातः लगभग 08:18 बजे थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम रूकनपुर के पास सड़क किनारे पुलिया के निकट से

**पंजीकृत अभियोग का विवरणः—**

मु0अ0सं0 425/2024 धारा 137(2)/65(1)/87 बीएनएस व 3/4(2)/5(L)/6 पोक्सो एक्ट.

**अभियुक्त का अपराधिक इतिहास —**

मु0अ0सं0 425/2024 धारा 137(2)/65(1)/87 बीएनएस व 3/4(2)/5(L)/6 पोक्सो एक्ट

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण –**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री प्रभाष चन्द थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 श्री मनोज कुमार गौतम प्रभारी सर्विलांस सेल मय टीम जनपद शाहजहाँपुर
3. उ0नि0 श्री मनोज कुमार उपाध्याय थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर
4. का0 1283 प्रदीप कुमार थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर
5. का0 2003 वसु आर्य थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर